# कहीं रूठे तो कहीं झमाझम बरस रहे बदरा

## 3 दिन में तिघरा का जलस्तर 1 .5 फीट बढ़ा, घाटीगांव और डबरा में शहर से तीन गुना अधिक वर्षा दर्ज



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 9 जुलाई।** अंचल में इस बार मानसून का अजीब ढर्रा देखने को मिल रहा है। जहां ग्वालियर शहर में बादल रूठे हुए हैं और अब तक 100 मिमी बारिश भी दर्ज नहीं हो पाई है, वहीं ग्रामीण इलाकों में मानसून पूरी तरह मेहरबान है।

डबरा, भितरवार, पिछोर और घाटीगांव में शहर के मुकाबले तीन गुना से भी अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही इस भारी मूसलाधार बारिश का सीधा फायदा शहर की लाइफलाइन कहे जाने वाले तिघरा बांध को मिल रहा है। घाटीगांव क्षेत्र में हुई तेज बारिश का पानी सांक नदी के रास्ते बहकर तिघरा बांध में पहुंच रहा है, जिससे पिछले तीन दिनों के भीतर तिघरा का वाटर लेवल 1.5 फीट बढ़ चुका है।

**तिघरा में आया 20 दिनों का पानी :** जल संसाधन विभाग के अनुसार, 5 जुलाई तक तिघरा बांध का वाटर लेवल 722.90 फीट था, जो लगातार आवक के कारण बढ़कर 724.30 फीट पर पहुंच गया है। बांध में लगभग 200 एमसीएफटी पानी आ चुका है, जो शहर की 20 दिनों की प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त है।

### शहर सूखा रहने का कारण

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार ग्वालियर शहर में बादल छाने के बाद भी न बरसने का मुख्य कारण शहर का बढ़ता प्रदूषण और पेड़ों की भारी कमी है, जिसके कारण बादल बिना बरसे ही आगे गुजर जाते हैं। जबकि ग्रामीण इलाकों में हरियाली और सघन वनस्पति अधिक होने से बादल जमकर बरस रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि घाटीगांव में 214 मिमी, भितरवार में 205 मिमी, पिछोर में 151 मिमी और डबरा में रिकॉर्ड 308 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक शहर में मध्यम बारिश और आसपास के भिंड क्षेत्र में जोरदार मूसलाधार बारिश का 'अलर्ट' जारी किया है।

## स्वास्थ्य एवं एनकेप कार्यों में लापरवाही पर अपर आयुक्त ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर के अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव की अध्यक्षता में गुरुवार को बाल भवन स्थित ऑडिटोरियम हॉल में स्वास्थ्य विभाग एवं नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (छब्।च) के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डब्ल्यूएचओ 41 का एक दिन का वेतन काटने सहित वार्ड 1, 14, 15,18,19,29,60 के सुपरवाइजर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया

अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव ने बैठक में वायु सर्वेक्षण (एयर सर्वे) की समीक्षा की । उन्होंने कहा कि पूर्व में निकाय स्तर पर वायु सर्वेक्षण किया जाता था, जबकि अब नगर निगम के प्रत्येक वार्ड का पृथक-पृथक सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके लिए पोर्टल पर वार्डवार जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन होने वाले कचरा संग्रहण, उसके निष्पादन (डिस्पोजल) तथा अन्य आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर दर्ज करने संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया।

# डबरा से अपहृत मासूम शिवपुरी के जंगलों से बरामद

**▸ 10 थानों की पुलिस ने घेरा, एसएसपी और एसपी ने खुद संभाली थी सर्चिंग की कमान, 68 किमी तक पीछा कर दबोचा**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 9 जुलाई।** डबरा के कर्रा दफाई इलाके से बुधवार दोपहर घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हुए तीन वर्षीय मासूम कार्तिक उर्फ टिंकू को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 12 घंटे के भीतर शिवपुरी के मंगरोनी स्थित दफाई के जंगलों से सकुशल बरामद कर लिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी धर्मवीर सिंह एवं एसपी जयराज कुबेर ने स्वयं मोर्चा संभाला और डबरा, भितरवार, गिजोर्रा, पिछोर, झांसी रोड, जनकगंज तथा क्राइम ब्रांच सहित एक दर्जन थानों की पुलिस टीमों को तत्काल सघन चेकिंग और सर्चिंग में लगा दिया। चौतरफा नाकेबंदी और पुलिस के भारी दबाव के कारण अपहरणकर्ता जंगल से आगे नहीं भाग सका और पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया।

### क्या था पूरा मामला :

डबरा की कर्रा दफाई निवासी लक्ष्मी आदिवासी (पत्नी नंदराम आदिवासी) ने बताया कि उसका तीन वर्षीय बेटा कार्तिक बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे घर के बाहर खेल रहा था, जो अचानक गायब हो गया। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर रात दस बजे डबरा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। संदेह के आधार पर जब पुलिस ने साथ काम करने वाले होतम उर्फ करिया प्रजापति के घर दबिश दी तो वह अपने घर से गायब मिला, जिससे संदेह गहरा गया।

### बेटे को देखते ही फफक पड़ी मां

पुलिस टीमों ने संयुक्त अभियान चलाकर बालक को बरामद कर जब मां को सौंपा, तो कई घंटों के वियोग के बाद मां अपने कलेजे के टुकड़े को देखते ही फफक पड़ी और उसे सीने से लगा लिया। इस भावुक दृश्य को देखकर रातभर सर्चिंग में लगे जवानों की भी आंखें खुशी से नम हो गईं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी को ग्वालियर लाकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है ताकि अपहरण के असली कारणों का पता लगाया जा सके।

# शीतला माता मंदिर संताऊ में एक माह के वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**ग्वालियर, 9 जुलाई।** ग्राम संताऊ स्थित सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक माह के विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान श्री शीतला माता कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

अभियान के तहत आगामी एक महीने तक मंदिर परिसर, परिक्रमा मार्ग और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पौधों की नियमित देखभाल और उनके संरक्षण के लिए ग्रामीणों के बीच जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गुर्जर ने ग्रामीणों से जंगलों की लकड़ी का उपयोग कम करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल



पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उन्हें जीवित रखना और उनका संरक्षण करना भी हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अपने घरों, खेतों व सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने का आह्वान किया है।

# पुरानी रंजिश में कार सवार युवक पर फायरिंग

**▸ गश्त पर निकले थाना प्रभारी ने आरोपी को दबोचा**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 9 जुलाई।** डबरा सिटी क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। कार सवार युवक को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे कार में गोलियां धंस गईं। गनीमत रही कि कार सवार युवक बाल-बाल बच गए। मौके से गुजर रहे गिंजौर थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है।

**ट्रैफिक में फंसते ही की फायरिंग**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हनुमान कॉलोनी निवासी अर्जुन जाटव अपने भांजे के साथ कार से सिमरिया टेकरी जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार पिछोर तिराहे के पास ट्रैफिक में फंसी, तभी वहां पहुंचे परबेंद्र गोयल ने अपने साथी के साथ मिलकर अर्जुन पर पिस्टल से तीन फायर झोंक दिए। अचानक हुई फायरिंग से कार सवार मामा-भांजा दहशत में आ गए। हालांकि, गोलियां उन्हें नहीं लगीं, लेकिन वे कार में जा धंसीं। ?घटना के समय गिंजौर थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह धाकड़ अपनी टीम के साथ एक अन्य मामले (बच्चे के अपहरण) की सर्चिंग के सिलसिले में वहीं से गुजर रहे थे। तभी उनकी नजर पिस्तौल लिए एक युवक पर पड़ी, जो दोबारा फायरिंग के लिए हथियार लोड कर रहा था। थाना प्रभारी ने बिना समय गंवाए आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया और उसके पास से पिस्टल जब्त कर ली।

### हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि अर्जुन जाटव के साथ उसकी पुरानी रंजिश चल रही है, जिसके चलते उसने जान से मारने की नीयत से उस पर हमला किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर डबरा सिटी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# हनुमान मंदिर और जनकगंज अस्पताल में बढ़ेंगी जनसुविधाएं

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 9 जुलाई।** जनसेवा और जनआस्था से जुड़े दो महत्वपूर्ण स्थलों की तस्वीर अब जल्द ही बदली हुई नजर आएगी। सिकंदर कम्पू स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर और जनकगंज शासकीय अस्पताल में श्रद्धालुओं व मरीजों की सुविधा के लिए शेड, शुद्ध पेयजल और बैठने की बेहतर व्यवस्था की जाएगी।
लंबे समय से मंदिर आने वाले श्रद्धालु और अस्पताल के मरीज धूप, बारिश व मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान थे। इस गंभीर समस्या को देखते हुए युवा कांग्रेस नेता स्वरोचित बोहरे एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.एस. जादौन ने जनभावनाओं के इस विषय को जनप्रतिनिधियों के समक्ष पुरजोर तरीके से रखा।

**सांसदों ने दिया आश्वासन, नागरिकों ने जताया आभार**

स्वरोचित बौहरे ने बताया कि जनहित से जुड़े इस आग्रह पर सकारात्मक पहल करते हुए सांसद भारत सिंह कुशवाह और राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने का पूरा भरोसा दिया है। सांसदों के इस आश्वासन के बाद सैनिक कॉलोनी, सिकंदर कम्पू और लश्कर क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह है।


## भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालने पर वसूला 20 हजार रूपये का जुर्माना

**ग्वालियर।** भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालकर यातायात को अवरूद्ध कर रहे मकान मालिकों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

नोडल सीएण्डडी वेस्ट श्री राजू गोयल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देषानुसार भवन निर्माण सामग्री सडक पर डालने वालों पर अभियान चलाकर जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिसके तहत आज भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालने पर वार्ड 18 अंतर्गत दीनदयाल नगर डी सेक्टर श्री सुरेष कुषवाह पर 5000 रूपये, वार्ड 65 वीरपुर मैन रोड पर श्रीमती रामवती कुषवाह पर 5000 रूपये, वार्ड 47 कमाटीपुरा माधौगंज में श्री विनोद कुरचंदानी पर 3000, वार्ड 51 आपागंज में श्रीमती आषा गुप्ता पर 2000 रूपये, वार्ड 13 तानसेन नगर में डॉ एसके वर्मा पर 5000 रूपये का जुर्माना किया गया।







# डॉ . पांडेय की पुस्तक 'सफलता के साक्षी' का विमोचन 13 को

**▸ अभिनेता पीयूष मिश्रा होंगे मुख्य अतिथि, साहित्यकार श्रीधर पराड़कर करेंगे अध्यक्षता**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 9 जुलाई।** जिले को समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से आगामी 13 जुलाई को शहर में एक भव्य साहित्यिक समागम होने जा रहा है। इस विशेष आयोजन के अंतर्गत देश के प्रतिष्ठित व वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ. केशव पांडेय द्वारा लिखित बहुप्रतीक्षित पुस्तक 'सफलता के साक्षी' का विमोचन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह गरिमामयी कार्यक्रम 13 जुलाई को सायं 5:00 बजे से कैंसर हॉस्पिटल परिसर स्थित 'शीतला सहाय सभागार' में संपन्न होगा। ?इस समारोह के मुख्य अतिथि बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और रंगकर्मी पीयूष मिश्रा होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात वरिष्ठ साहित्यकार श्रीधर पराड़कर करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. बी.आर. श्रीवास्तव मंच की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम आयोजकों ने शहर के समस्त प्रबुद्धजनों और साहित्य प्रेमियों को इस विमोचन समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## 10 जुलाई को होने वाला निगम परिषद का विशेष सम्मेलन स्थगित

**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद का विशेष सम्मेलन 10 जुलाई 2026 को दोपहर 3 बजे आयोजित किया जा रहा था, जिसे स्थगित किया गया है। निगम परिषद कार्यालय सचिव ने बताया कि दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 3:00 बजे से निगम परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किये जाने की सूचना प्रदान की गई थी किन्तु दिनांक 10.07.2026 को दोपहर 2:30 बजे से अपील समिति के एक सदस्य के निर्वाचन की सूचना जिला कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी, ग्वालियर द्वारा जारी की गई है एवं इस संबंध में पुनः अपर आयुक्त के पत्र दिनांक 09.07.2026 के द्वारा उक्तानुसार निर्धारित निर्वाचन की तिथि में परिवर्तन की स्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया दूषित होने का उल्लेख करते हुये निर्वाचन पूर्व निर्धारित तिथि 10.07.2026 समय दोपहर 2:30 बजे से आयोजित किये जाने के संबंध में निर्देशित किया।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आज सीएम हाउस का घेराव करेगी सफाई मजदूर कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 9 जुलाई।** भाजपा सरकार पिछले 20 वर्षों से प्रदेश के नगरीय निकाय, नगर निगम, नगर पंचायत और प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत सफाई कामगारों का जहां एक और शोषण कर रही है वहीं उनके हक और अधिकारों का भी हनन कर रही है। भाजपा सरकार के इस रवैया से संपूर्ण मध्य प्रदेश के सफाई कामगारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यह आरोप लगाया है प्रदेश कांग्रेस कमेटी सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जयराज सिंह चौहान ने।

जयराज चौहान के नेतृत्व में सफाई मजदूर कामगारो के हित और अधिकारों की मांगों को लेकर कल 10 जुलाई को दोपहर 12 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से मुख्यमंत्री निवास तक पैदल मार्च कर सफाई मजदूर कामगारो के साथ हो रहे आर्थिक शारीरिक मानसिक शोषण के खिलाफ मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

चौहान ने बताया कि सफाई मजदूर कामगारों के हित में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह घेराव किया जा रहा है जिसमें प्रदेश भर से मध्य प्रदेश कांग्रेस सफाई मजदूर कामगार प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता सहित सफाई मजदूर कामगार उपस्थित रहेंगे।

चौहान ने बताया कि मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय में ठेका प्रथा समाप्त किये जाने, पिछले 20 वर्षों से कार्यरत अस्थाई संविदा और विनयमित कर्मचारियों को नियमित किए जाने, सफाई कर्मचारियों के क्षेत्रफल के आधार पर 1 लाख नवीन पद सृजित कर भर्ती किए जाने, वंचित वर्ग के आरक्षित सफाई कामगार को लाभ दिए जाने, संपूर्ण मध्य प्रदेश में अन्य प्रदेशों की तरह 3 प्रतिशत कोटा अलग से आरक्षित किए जाने, अस्वच्छ धंधे में संलग्न होने के कारण उन्हें 5000 रुपये की विशेष अतिरिक्त राशि दिए जाने तथा सीवर में काम करने के दौरान उनकी अकाल मृत्यु हो जाने पर उनके परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि एवं पुनर्वास व्यवस्था लागू कर उन्हें शहीद का दर्जा दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

# गंदगी फैलाने वालों से वसूला 30 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई ।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सड़क पर डालने वालों एवं घरों में लार्वा मिलने पर निगम द्वारा निरंतर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज दक्षिण विधानसभा अंतर्गत स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में गंदगी फैलाने वालों एवं अमानक पॉलीथिन पर वार्ड क्रमांक 53 में 2500 रुपए, वार्ड क्रमांक 48 में 1000 रूपये, वार्ड 47 में 1250 रुपए, वार्ड 51 में 2500 रूपये, वार्ड क्रमांक 52 में 1300 रूपये, वार्ड क्रमांक 43 में 1500 रूपये, वार्ड क्रमांक 42 में 1000 रूपये, वार्ड क्रमांक 37 में 3500 रुपए, वार्ड क्रमांक 41 में 2250 रुपए, वार्ड क्रमांक 35 में 2000 रूपये, वार्ड क्रमांक 44 में 1500 रूपये, वार्ड क्रमांक 46 में 3500 रुपए का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री धर्मेंद्र परमार, श्री रामचन्द्र धौलपुरिया, फ्लाइंग एस्कॉर्ट प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया, जोनल हेल्थ ऑफिसर श्री मनोज खरे, वार्ड हेल्थ ऑफीसर श्री अरुण खरे, श्री अजय पवार, श्री दीपक खरे, श्री हरि कनौजिया, श्री अरुण चंदोकर एवं दक्षिण विधानसभा फ्लाइंग स्पॉट टीम उपस्थित रही।

# अवैध रूप से विज्ञापन कर रहे होर्डिंग एवं बैनर को हटाया



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं यातायात सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से तथा अवैध रूप से कर रहे विज्ञापनकर्ताओं के होर्डिंग एवं बैनर को हटाया गया। नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान ने बताया कि निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त (मदाखलत) श्री प्रदीप तोमर के निर्देशानुसार मदाखलत अधिकारी श्री रवि कुमार कोरी के निर्देशन में आनन्द नगर डबल रोड ग्वालियर, आनन्द नगर चौराहा ग्वालियर सहित आदि स्थानों पर सम्बन्धित राजस्व कर संग्रहक श्री विनय कुमार के द्वारा बताए गए स्थलों पर अवैध बैनर, होर्डिंग आदि को हटवाने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्री श्रीकांत सेन सहित मदाखलत अमला मौजूद रहा। इसके साथ ही मदाखलत अधिकारी श्री सतेंद्र भदौरिया के निर्देशन में राजस्व टी. सी. श्री मनोज राजपूत द्वारा बताये स्थानों नौगजा रोड़, छप्परवाला पुल स्थित बिना अनुमति के संचालित बैनर, फ्लेक्स (होर्डिंग) को हटाने कारवाही की गई। उक्त कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक श्री आजाद खान सहित दल दक्षिण मौके पर मौजूद रहा।

# डीबी मॉल में सभी दुकानों के बनेंगे ट्रेड लाइसेंस



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई।** नगर निगम ग्वालियर सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी व्यापारियों के लिए निगम ने ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया है, ताकि सभी दुकानदार सुगमता और बिना किसी कानूनी अड़चन के अपना व्यवसाय कर सकें। इसी सिलसिले में आज नगर निगम की टीम ने डीबी मॉल के व्यापारियों और मॉल प्रबंधन के साथ बैठक की। बैठक में मॉल के भीतर संचालित सभी दुकानों के लिए 15 दिनों के भीतर 100 प्रतिशत ट्रेड लाइसेंस बनवाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।नोडल अधिकारी राजस्व श्री अनूप लिटोरिया ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर के सभी व्यापारियों के ट्रेड लाइसेंस बनाये जा रहे हैं। जिसके तहत आज डीबी सिटी मॉल में 100 प्रतिशत ट्रेड लाइसेंस बनाए जाने हेतु मॉल प्रबंधन के लोगों से राजस्व विभाग के कार्यालय अधीक्षक श्री प्रमेन्द्र जादौन एवं श्री संदीप शर्मा की उपस्थिति में सकारात्मक चर्चा की गई एवं मॉल प्रबंधन द्वारा पंद्रह दिवस के अंदर मॉल में संचालित सभी दुकानों के ट्रेड लाइसेंस बनाए जाने हेतु सहमति प्रकट की गई।

# महिला उद्यमिता को नई उड़ान दे रहा 'यशस्विनी' कार्यक्रम

**▸ स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर का आयोजन**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 जुलाई।** महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और स्थानीय महिला व्यवसायियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ग्वालियर स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर (जीइन्क्यूब) द्वारा संचालित 'यशस्विनी' कार्यक्रम एक बार फिर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम के प्रथम बैच में 12 महिला उद्यमियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें ग्रेजुएट करने के बाद, जीइन्क्यूब ने महिला सशक्तिकरण की अपनी इस पहल का दूसरा चरण प्रारंभ किया है। यशस्विनी 2.0 के अंतर्गत अब तक तीन प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जबकि आगामी दिनों में नौ और सत्र आयोजित किए जाएंगे। यह 12-सप्ताह का विशेष कार्यक्रम उन महिलाओं के लिए तैयार किया गया है, जो वर्तमान में छोटे स्तर पर अपना व्यवसाय संचालित कर रही हैं अथवा अपने उद्यम को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहती हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल व्यवसाय शुरू करना नहीं, बल्कि महिलाओं को अपने व्यवसाय को व्यवस्थित रूप से विकसित करने, प्रतिस्पर्धी बाजार में पहचान बनाने तथा उसे सतत रूप से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना है। यशस्विनी 2.0 के अंतर्गत प्रतिभागियों को मार्केट रिसर्च, बिजनेस स्ट्रेटेजी, ब्रांड बिल्डिंग, वित्तीय योजना, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राहक प्रबंधन, कानूनी अनुपालन, फंडिंग, नेटवर्किंग, व्यवसाय विस्तार तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित आधुनिक व्यावसायिक उपकरणों सहित उद्यमिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अनुभवी उद्योग विशेषज्ञों एवं मेंटर्स द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा है। कार्यक्रम से जुड़ी अधिकांश महिलाएं वर्तमान में गृह उद्योग, हस्तशिल्प, फूड, ब्यूटी, फैशन, सेवाओं एवं अन्य लघु व्यवसायों से जुड़ी हुई हैं। जीइन्क्यूब का प्रयास है कि इन महिलाओं के व्यवसाय केवल स्थानीय स्तर तक सीमित न रहें, बल्कि वे संगठित रूप से विकसित होकर बड़े बाजारों तक अपनी पहुंच बना सकें। जीइन्क्यूब का मानना है कि जब महिलाओं को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और व्यावसायिक अवसर उपलब्ध होते हैं, तब वे न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं, बल्कि समाज में रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देती हैं। ग्वालियर स्मार्ट सिटी इन्क्यूबेशन सेंटर द्वारा संचालित यह पहल महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का लक्ष्य आगामी समय में अधिक से अधिक महिलाओं को उद्यमिता से जोड़कर उन्हें सफल व्यवसायी बनने के लिए आवश्यक संसाधन, विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराना है।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्र**16**, वार्ड क्रं **35**, भवन क्र **671**,स्थान **चित्रगुप्त गंज सूबे की गोठ ग्वा0** मे स्थित है जो कि **प्यारे पिता अमान** के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र **1000323074** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **655** वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/**उत्तराधिकार/ मृत्युउपरान्त** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र **जीवाजीगंज, क्षे.क्र 16,** पर दिनांक **05.06.2026** को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं **81/2010/39200/61384** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम/पता
**श्रीमती पुरखो पुत्री सोनी पत्नी कल्लूराम**
**पता-चित्रगुप्त गंज लश्कर ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक- 09.07.2026